दिनांक–25.05.2024 समय–7.10एएम

# प्रादेशिक समाचार

## आकाशवाणी, भोपाल

## प्रातःकालीन समाचार

**मुख्य समाचार :–**

- सर्वोच्च न्यायालय ने लोकसभा चुनाव के दौरान मतदान प्रतिशत अपलोड करने की याचिका पर चुनाव आयोग को निर्देश जारी करने से किया इनकार।
- प्रदेश में मतगणना की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। अब सभी लोकसभा क्षेत्रों में मतगणना से जुड़े अधिकारियों और कर्मचारियों के प्रशिक्षण पर जोर।
- आज से नौतपा शुरू, 2 जून तक रहेगा असर। वहीँ, 12 शहरों में कल तापमान 44 डिग्री के पार रहा।
- राजस्थान रॉयल्स को 36 रन से हराकर सनराइजर्स हैदराबाद आईपीएल के फाइनल में, कल होगा खिताबी मुकाबला।

## सर्वोच्च न्यायालय–निर्वाचन आयोग

सर्वोच्च न्यायालय ने लोकसभा चुनाव के दौरान अपनी वेबसाइट पर मतदान केंद्र–वार मतदान प्रतिशत अपलोड करने की याचिका पर चुनाव आयोग को निर्देश जारी करने से इनकार कर दिया। न्यायालय ने चल रही चुनावी प्रक्रिया के बीच "हस्तक्षेप रवैया" नहीं अपनाने का समर्थन किया। न्यायाधीश दीपांकर दत्ता और सतीश चन्द्र शर्मा की अवकाश पीठ ने याचिका पर सुनवाई को स्थगित कर दिया। पीठ ने कहा कि इसकी सुनवाई लोकसभा चुनावों के सम्पन्न होने के बाद की जायेगी। पीठ ने कहा कि सभी स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव चाहते हैं और हम इस बात को लेकर भी चिन्तित हैं कि शरारती लोग इसका फायदा उठाने की फिराक में हो सकते हैं। पीठ ने कहा कि 2024 के चुनाव सात चरणों में हो रहे हैं इनमें से पांच चरण के चुनाव सम्पन्न हो चुके हैं।

## प्रदेश मतगणना

प्रदेश में मतगणना की तैयारियां अंतिम चरण में हैं. अब सभी लोकसभा क्षेत्रों में मतगणना से जुड़े अधिकारीयों और कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है, वहीँ राजनीतिक दल भी अपने कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित कर रहे हैं। धार महू लोकसभा संसदीय क्षेत्र की मतगणना 4 जून को धार के शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय में की जाएगी। इसको लेकर कल शासकीय महाविद्यालय और जिला पंचायत सभा कक्ष में दो स्थानों पर लगभग 500 मतगणना कर्मियों ईव्हीएम और डाक मतपत्र गणना पर्यवेक्षक एवं गणना सहायको को मतगणना का प्रशिक्षण दिया गया। डिंडोरी में मतगणना पर्यवेक्षक एवं गणना सहायकों का प्रशिक्षण 30 मई को कन्या शिक्षा परिसर रयपुरा में आयोजित किया जाएगा, इसी प्रकार मतगणना पर्यवेक्षक एवं मतगणना सहायक का प्रशिक्षण 3 जून को शासकीय चन्द्रविजय महाविद्यालय में निर्धारित है। खण्डवा में मतगणना 4 जून को श्री हुकुमचंद यादव शासकीय नवीन आदर्श स्नातक महाविद्यालय नहाल्दा में सम्पन्न होगी। मतगणना के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दो मतगणना प्रेक्षकों की नियुक्ति की गई है। वहीँ, प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में आज प्रदेश कांग्रेस के चुनाव आयोग कार्य प्रभारी जे.पी. धनोपिया के मार्गदर्शन में कांग्रेस कार्यकर्ताओं का मतगणना प्रशिक्षण कार्यक्रम रखा गया है।

## लोकसभा चुनाव–छठा चरण

लोकसभा चुनाव के छठे चरण के लिए आज मतदान शुरू हो गया है। इस चरण में 58 संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों में वोट डाले जा रहे हैं। इस चरण में बिहार की आठ लोकसभा सीटें, हरियाणा की सभी

दस, झारखंड की चार, दिल्ली की सभी सात सीटें, ओडीशा की छह, उत्तरप्रदेश की 14 सीटें, पश्चिम बंगाल की आठ और जम्मू कश्मीर की एक सीट के लिए मतदान हो रहा है। ओडिशा राज्य विधानसभा के 42 निर्वाचन क्षेत्रों के लिए भी वोट डाले जा रहे हैं। इस चरण में एक लाख 14 हजार मतदान केन्द्रों पर 11 करोड 13 लाख से अधिक मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।

**सेनाध्यक्ष**

थल सेनाध्यक्ष जनरल मनोज पांडे ने कल महाराष्ट्र के पुणे में राष्ट्रीय रक्षा अकादमी के 146वें कोर्स की पासिंग आउट परेड की समीक्षा की। परेड में कुल एक हजार 265 कैडेटों ने भाग लिया। इनमें से 337 कैडेट पासिंग आउट कोर्स से थे। इसमें भूटान, ताजिकिस्तान, अफगानिस्तान, श्रीलंका, म्यांमा और मालदीव सहित मित्र विदेशी देशों के 19 कैडेटों सहित 199 सेना कैडेट, 38 नौसेना कैडेट और 100 वायुसेना कैडेट शामिल थे। तीसरे और चौथे प्रशिक्षण सत्र की 24 महिला कैडेटों की एक टुकड़ी ने भी परेड में भाग लिया।

**इंदौर सड़क सुरक्षा**

इंदौर में यातायात व्यवस्था के सुधार के लिए लगभग 30 चौराहों पर आवश्यक सुधार किये जाएंगे। चौराहों पर सिग्नल लगाये जाएंगे. नवलखा और आसपास के क्षेत्र में शाम 4 बजे से रात्रि 10 बजे तक भारी वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगाया जायेगा। यह निर्णय कलेक्टर आशीष सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में लिये गए। कलेक्टर आशीष सिंह ने पत्रकारों को बताया कि बैठक में नवलखा बस स्टैण्ड और तीन इमली बस स्टैण्ड को नायता मुंडला बस स्टैण्ड में स्थानांतरित करने का निर्णय लिया गया।

**मौसम**

आज से नौतपा शुरू हो गया है। ऐसा माना जाता है कि आज से अगले नौ दिनों तक तेज गर्मी रहेगी। इसका कारण सूर्य के कृतिका से रोहिणी नक्षत्र में प्रवेश करने के साथ ही सूर्य की किरणें सीधे धरती पर पड़ेगी। प्रदेश में 2 जून तक नौतपा का असर रहेगा। मौसम विभाग ने आज गुना, अशोकनगर और निवाड़ी में लू का रेड अलर्ट जारी किया है। वहीँ, कल राजगढ़, रतलाम–नीमच में पारा रिकॉर्ड 46 डिग्री सेल्सियस पर रहा। 12 शहरों में तापमान 44 डिग्री के पार रहा। भोपाल में 43 दशमलव 7 डिग्री, इंदौर में 44 दशमलव 1 डिग्री, ग्वालियर में 41 दशमलव 4 डिग्री, जबलपुर में 40 डिग्री और उज्जैन में पारा रिकॉर्ड 44 दशमलव 2 डिग्री सेल्सियस रहा। अन्य जिलों में भी हीट वेव, यानी गर्म हवाओं का असर रहने का अनुमान है। वहीँ, दूसरी ओर मौसम विभाग ने आज छिंदवाड़ा, पांढुर्णा, सिवनी, मंडला और बालाघाट में आंधी–बारिश का अलर्ट भी जारी किया है।

**कान्स पुरस्कार**

भारतीय फिल्म और टेलीविजन संस्थान – एफटीआईआई के छात्र चिदानंद एस. नाइक और उनकी टीम की फिल्म "सनफ्लॉवर्स वर द फर्स्ट वन्स टू नो" ने 77वें कान्स फिल्म फेस्टिवल में 'ला सिनेफ' पुरस्कार जीता है। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने कहा है कि भारतीय सिनेमा के लिए यह एक ऐतिहासिक क्षण है। "सनफ्लॉवर्स वर द फर्स्ट वन्स टू नो" एक बुजुर्ग महिला की कहानी है जो गांव का मुर्गा चुरा लेती है, जिससे समुदाय में अशांति फैल जाती है।

**आईपीएल क्रिकेट**

इंडियन प्रीमियर लीग – आई.पी.एल. क्रिकेट में, चेन्नई के एम.ए. चिदम्बरम स्टेडियम में, कल रात दूसरे क्वालीफायर मैच में, सनराइजर्स हैदराबाद ने, राजस्थान रॉयल्स को 36 रन से हराकर फाइनल में प्रवेश कर लिया है। 176 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए, राजस्थान रॉयल्स निर्धारित 20 ओवर में 7

विकेट पर 139 रन ही बना सकी। पहले बल्लेबाजी करते हुए सनराइजर्स हैदराबाद ने 20 ओवर में 9 विकेट पर 175 रन बनाए। अब कल रविवार को चेन्नई के एम.ए. चिदंबरम स्टेडियम में फाइनल मुकाबला सनराइजर्स हैदराबाद और कोलकाता नाइट राइडर्स के बीच होगा।

**समाचार संक्षेप में .....**

- इंदौर संभागायुक्त दीपक सिंह ने कृषि, उद्यानिकी, जल संसाधन और नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण के साथ–साथ कृषि विश्वविद्यालय की एक संयुक्त बैठक करने के निर्देश दिए हैं, ताकि सिंचाई के पानी का बेहतर उपयोग संभव हो सके।

- आगरमालवा कृषि उपज मंडी में आज और कल 26 मई को अवकाश होने से उपज की नीलामी नहीं होगी।

- डिंडौरी में तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार विभाग और जिला रोजगार कार्यालय द्वारा 8 जून को प्रातः 11 बजे से शाम 4 बजे तक शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय में जिला स्तरीय रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा।

- खण्डवा में ई–उपार्जन पोर्टल पर ग्रीष्मकालीन फसल मूंग का पंजीयन 5 जून तक किया जायेगा। उप संचालक कृषि ने बताया कि ग्रीष्मकालीन मूंग का उपार्जन किये जाने के लिए तहसीलवार केन्द्र निर्धारित किए गए हैं।

- धार जिला भोज चिकित्सालय में गत दिवस कटे–फटे होठ एवं तालू सहित अन्य जन्मजात बीमारियों से ग्रस्त 0 से 18 वर्षीय बच्चों के उपचार के लिये निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया।

- रतलाम नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 88वीं अर्द्ध वार्षिक बैठक का आयोजन कल मंडल कार्यालय में मंडल रेल प्रबंधक रजनीश कुमार की अध्यक्षता में किया गया ।

- खरगोन के बाहरी हिस्से में बीती रात अज्ञात बदमाशों ने एक विधवा और उसकी पुत्री को धमका कर 9 लाख रु के जेवर और नगदी लूट लिए।

- एम्स भोपाल के मनोरोग विभाग और नर्सिंग कॉलेज द्वारा कल विश्व सिज़ोफ्रेनिया दिवस मनाया गया। इस अवसर पर एम्स भोपाल के कार्यपालक निदेशक प्रो. (डॉ.) अजय सिंह, ने कहा कि गंभीर मानसिक बीमारियों के बारे में जागरूकता पैदा करना जरूरी है।

———————————